11 DEC. -JANJ bhoomi PG-01_Layout 1 12/11/2025 10:30 PM Page 1

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 12 दिसंबर 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 14. 0 डिग्री

गांव में शिविर आयोजित होने से लोगों में आएगी जागरुकता


3

## खबर संक्षेप

### स्वच्छता स्थाई समिति की बैठक में की गई चर्चा

**जांजगीर-चांपा।** जिला पंचायत सभाकक्ष में स्वच्छता स्थाई समिति का बैठक श्रीमती प्रमिला साहू सभापति (स्वच्छता स्थाई समिति) की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस दौरान सभी स्वच्छाग्राही से गांव में हो रहे कचरा कलेक्शन के लिए भुगतान, सुखा कचरा कलेक्शन हेतु लिए गए वाहन का मरम्मत, स्वच्छता हेतु प्रचार प्रसार के लिए निर्देश दिए गये। स्वच्छता विषय में विस्तार से चर्चा किया गया। बैठक में समिति के सदस्य श्रीमती नेहा साहू, श्रीमती प्रियंका सिंह व विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### शादी का झांसा देकर नाबालिग से अनाचार, आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** नाबालिग बालिका को शादी करने का झांसा देकर अनाचार करने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला अकलतरा थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में अकलतरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एक व्यक्ति द्वारा नाबालिक बालिका को बहला फुसलाकर कर शादी करने का झांसा देकर अनाचार किया। जिसकी सूचना रिपोर्ट पर 9 दिसंबर को अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। अकलतरा पुलिस द्वारा आरोपी धीरेन्द्र रात्रे को पकड़ा जिसको हिरासत मे लेकर घटना के संबंध पूछताछ किया गया। आरोपी द्वारा जुर्म स्वीकार करने पर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक भास्कर शर्मा थाना प्रभारी अकलतरा सहित स्टाफ का योगदान रहा।

### वन अधिकार पत्र धारकों के फौती नामांतरण 14 तक

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ शासन की मंशानुसार वन अधिकार पत्र (पट्टा) धारक कृषकों को भी प्राथमिकता से एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत कर धान खरीदी योजना का लाभ दिया जाना है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया वर्तमान में जांजगीर-चांपा जिले अंतर्गत 211 हितग्राहियों को फौतीनामांतण हेतु चिन्हांकित किया गया है जिनका फौती नामांतरण नहीं होने के कारण एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन होने में समस्या आ रही है। सूची अनुसार हितग्राही, परिवारजन, विधिक वारिसान अपने संबंधित तहसील कार्यालय अकलतरा, बलौदा एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी बलौदा में 14 दिसंबर तक आवेदन प्रस्तुत कर फौती नामांतरण करा सकते हैं।

### महिला सेल पुलिस ने शराबी युवक को भेजा नशामुक्ति केन्द्र

**जांजगीर-चांपा।** महिला सेल की टीम ने शराबी युवक को नशामुक्ति केन्द्र भेजा है। चौकी पंतोरा क्षेत्र की पीड़िता ने अपने पति के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई कि उसका पति नशे का शिकार बन चुका है, आए दिन शराब, गांजा अन्य नशे करता रहता है, नशे की हालत में घर वाले को मारपीट करता है। जिसे लेकर उक्त युवक को नशामुक्ति केन्द्र भेजा गया।

हसौद में आयोजित हुआ समारोह, सीएम साय ने दिया आशीर्वाद

# दाम्पत्य सूत्र में बंधे 140 जोड़े मुख्यमंत्री बने विवाह के साक्षी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत विकासखण्ड जैजैपुर अंतर्गत हसौद में सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। समारोह में 140 जोड़ें सात फेरे लेकर परिणय सूत्र में बंधे। मुख्यमंत्री ने समारोह में शिरकत की और वर-वधु को आशीर्वाद दिया। साथ ही उपहार और चेक भी प्रदान किया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी वर-वधुओं के सुखद दामपत्य जीवन की कामना करते हुए सुख दुख में एक दूसरे का साथ देने की बात कही। मुख्यमंत्री ने सभी वर-वधु को अपने माता-पिता की तरह सास-ससुर का भी सम्मान करने, परेशानियों की स्थिति में संयम रखते हुए मिलकर आगे बढने कहा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य गरीब, जरूरतमंद और निराश्रित परिवारों की बेटियों के विवाह के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करना है, ताकि शादी के समय होने वाले आर्थिक बोझ को कम किया जा सके, फिजूलखर्ची और दहेज प्रथा को रोका जा सके, और सामाजिक समानता व लड़कियों के सम्मान को बढ़ावा मिले। यह योजना विवाह के लिए जरूरी घरेलू सामान और सामूहिक विवाह के खर्चों के लिए वित्तीय मदद देती है, साथ ही लड़कियों की शिक्षा और 18 वर्ष की आयु पूरी करने पर जोर देती है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत प्रत्येक जोड़े के विवाह में राज्य सरकार द्वारा 50 हजार की राशि खर्च की जाती है। पहले यह राशि 25 हजार थी, जिसे बढ़ाकर 50 हजार कर दिया गया है। इनमें 36 हजार रुपए की उपहार और परिवहन राशि का चेक मुख्यमंत्री ने नव विवाहित जोड़ों को सौंपा। शेष राशि से वर और वधू दोनों के लिए आभूषण, श्रृंगार, वस्त्र एवं अन्य सामग्री प्रदान किए गए। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, पूर्व विधायक निर्मल वर्मा, खिलावन साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती द्रौपदी कीर्तन चंद्रा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमल किशोर पटेल, जिला पंचायत सदस्य आयुष शर्मा, टिकेश्वर गवेल, श्रीमती संयोगिता युद्धवीर सिंह जूदेव, बिलासपुर संभाग आयुक्त सुनील कुमार जैन, आई जी संजीव शुक्ला, कलेक्टर अमृत विकास तोपनो, एसपी प्रफुल्ल ठाकुर, जिला पंचायत सी ई ओ वाशु जैन, सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, नागरिक, संबंधित अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में वर-वधु के परिजन उपस्थित थे।


नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय।

### गायत्री मंत्र बनाता है मानव को संस्कारित : साय

हसौद पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय हसौद में चल रहे 251 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने इस आयोजन को आध्यात्मिक एकता, सामाजिक सद्भाव और सांस्कृतिक गौरव का अद्भुत संगम बताया। उन्होंने कहा कि मां महामाया की पावन भूमि हसौद में 251 कुंडों में एक साथ सम्पन्न हो रहा यह महायज्ञ छत्तीसगढ़ की आध्यात्मिक परंपरा को नई ऊंचाई देता है। उन्होंने कहा कि गायत्री मंत्र मानव जीवन को संस्कारित और ऊर्जावान बनाता है। गायत्री मंत्र के 24 अक्षर 24 सिद्धियों और शक्तियों के प्रतीक हैं, जो मानव जीवन को ऊर्जा, सदाचार और आध्यात्मिक शक्ति प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के दौरान देव संस्कृति विश्वविद्यालय, शांतिकुंज हरिद्वार के कुलपति डॉ. चिन्मय पण्डया ने मुख्यमंत्री का सम्मान करते हुए उन्हें अभिनंदन पत्र भेंट किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने हसौद प्रवास के दौरान जैतखाम पहुँचकर विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना की। उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, शांति, कल्याण एवं निरंतर प्रगति की कामना की। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास जी के सत्य, अहिंसा, समानता, सामाजिक समरसता तथा 'मनखे-मनखे एक समान' के संदेश हमें समाज में सद्भाव और एकता का मार्ग दिखाते हैं। उन्होंने जनसमूह से आह्वान किया कि इन आदर्शों को आत्मसात कर विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में सक्रिय योगदान दें। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी व क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

# महिला पर चाकू से वार कर लूटपाट करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

## चांपा के बस स्टैण्ड शंकर नगर की वारदात

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

स्थानीय बस स्टैण्ड के पास शंकर नगर निवासी महिला की हत्या का प्रयास कर लूटपाट करने वाले एक नाबालिग सहित तीन आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गए है। बताया जा रहा है उक्त आरोपियों को पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया है।

इस संबंध में थाना प्रभारी जेपी गुप्ता ने बताया कि बस स्टैण्ड के सामने शंकर नगर निवासी प्रार्थी प्रकाश देवांगन ने बुधवार 10 दिसंबर को शाम थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह घटना दिवस को अपने रिश्तेदार के यहां छट्ठी कार्यक्रम में जाने के लिए अपनी मां को तैयार होने के लिए बोलकर सामान लाने बाजार गया था। शाम करीब 6:37 बजे उसकी मां ने फोन करके बताया कि वह कमरे में तैयार हो रही थी। उसी दौरान तीन लड़के दरवाजा खोलकर अंदर आए और हत्या तथा लूटपाट करने की नीयत से धारदार लोहे के हथियार से उसके सिर पर प्राणघातक हमला कर दिया। चोट लगने से उसकी मां जमीन पर गिर गई और सभी आरोपी उसकी मां का गला दबाकर पहने हुए मंगलसूत्र तथा कान के टॉप्स को लूट कर भाग गए। मामले की सूचना पर आरोपियों के विरूद्ध हत्या का प्रयास एवं लूट का अपराध पंजीबद्ध किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी सूचना पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप और एसडीओपी चांपा यदुमणी सिदार को दी गई। जिस पर अधिकारियों द्वारा थाना चांपा एवं सायबर सेल से एक संयुक्त टीम बनाकर घटना स्थल की ओर रवाना किया गया। इस टीम द्वारा पीड़िता एवं आसपास के लोगों से पूछताछ पर निखिल नामक संदेही के बारे में पता चला। पुलिस टीम द्वारा मुखबिर से सूचना मिली कि शंकर नगर का निखिल पाण्डेय घटना के समय प्रार्थी के मकान के आसपास घूम रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल शंकर नगर से निखिल पाण्डेय को घेराबंदी करके पकड़ा गया। प्रारंभिक तौर पर वह पुलिस टीम को गुमराह करते रहा, लेकिन बारीकी से पूछताछ करने पर अपने मित्र अरूण राजपूत तथा एक अन्य नाबालिग के साथ प्रार्थी की मां पर धारदार हथियार से प्राणघातक हमला कर आभूषणों की लूट करने का अपराध घटित करना स्वीकार किया। पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर अलग अलग स्थान से निखिल पाण्डेय के अलावा अरूण राजपूत तथा एक अन्य नाबालिग आरोपी को पकड़ा गया। जिनके कब्जे से लूटे गए मंगलसूत्र तथा कान के एक नग टॉप्स को जब्त किया गया। उपरोक्त कार्रवाई में नगर निरीक्षक जे.पी गुप्ता, सायबर सेल प्रभारी सागर पाठक, सहायक उप निरीक्षक अरूण सिंह, विवेक सिंह सहित प्रधान आरक्षक राजकुमार चंद्रा के अलावा आरक्षक प्रतीक सिंह, माखन साहू, श्रीकांत सिंह, प्रदीप दुबे, गिरीश कश्यप, शंकर राजपूत, आकाश कालोशिया, प्रकाश द्ववेदी, गौरीशंकर राय एवं भूपेन्द्र गोस्वामी का योगदान रहा।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# टीम ने दी दबिश, रेत के अवैध परिवहन में लगे 14 वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

खनिज एवं राजस्व विभाग के संयुक्त दल द्वारा जिले के विभिन्न स्थानो में दबिश देकर रेत के अवैध परिवहन व भंडारण कार्य में लगे 14 वाहनों को जब्त किया है।

ज्ञात हो कि बम्हनीडीह, खपरीडीह, चाँपा, जॉजगीर, नवापारा, पुछेली, पिपरदा, बिर्रा, कनस्दा क्षेत्र में खनिजो के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण करने वाले वाहनो, स्थानो का औचक निरीक्षण किया गया। खनि अधिकारी अनिल कुमार साहू ने बताया को बम्हनीडीह, पुछेली क्षेत्र खनिज रेत के अवैध परिवहन करते 2 हाईवा एवं 1 ट्रैक्टर को जप्त कर पुलिस थाना बम्हनीडीह तथा 2 हाईवा को पुलिस रक्षित केन्द्र जॉजगीर के सुरक्षार्थ रखा गया है तथा 1 ट्रैक्टर चांपा थाना तथा 01 ट्रैक्टर को कनस्दा क्षेत्र में जप्त करते हुये वाहन खराब हो जाने के कारण ग्रामीण को सुपुर्द किया गया है। 10 दिसम्बर को केवा, नवापारा क्षेत्र में खनिज रेत के अवैध परिवहन कार्य में 4 हाईवा को संलिप्त पाया गया। जिनके चालक मौका स्थल से फरार हो जाने के कारण उक्त वाहनों पर अवैध परिवहन का प्रकरण दर्ज कर लावारिस हालात में जप्ती करते हुये नोटिस चस्पा किया गया है और फरार वाहन मालिक, चालक के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किये जाने हेतु जिला परिवहन अधिकारी जॉजगीर को लेख किया गया है। इसी प्रकार गुरूवार 11 दिसंबर को हनुमानधारा चांपा क्षेत्र में खनिज रेत के अवैध परिवहन करते के 02 ट्रैक्टर एवं खनिज पत्थर अवैध परिवहन करते 1 टैक्टर को जप्त किया जाकर पुलिस थाना चॉपा के अभिरक्षा में सुरक्षार्थ रखा गया है। जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय उडनदस्ता दल द्वारा समय-समय पर आकस्मिक जॉच किया जाकर लगातार कार्यवाही की जा रही है।



### देवरी डेम के पास जुआ खेल रहे 7 जुआरी गिरफ्तार

**सक्ती।** सक्ती के देवरी डेम के पास जुआ खेल रहे 7 जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जुआरियों के कब्जे से 74 हजार, 7 मोबाइल, 8 बाइक सहित 4 लाख रुपए का माल बरामद किया है। सक्ती पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस 10 दिसंबर को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम देवरी के डैम के पास खुले स्थान पर कुछ जुआडियान तास के 52 पत्ती से काट पत्ती नामक हार जीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे है। सूचना पर रेड कर घेराबंदी कर कार्यवाही की गई। जहां कुछ जुआरी पुलिस को आते देखकर भाग गए और 7 मौके पर पकडे गये है। जुआरियों में इरशाद अहमद, बसंत खुंटे, रामगोपाल पटेल, चंद्रकात देवांगन देवांगनपारा चांपा, अशोक पंडा, नितीन अग्रवाल, दीपक सिंह को जुआ खेलते रंगेहाथ पकड़े गये। जिनके फड़ व पास से जुमला नगदी रकम 74 हजार 120 रूपये, 7 नग मोबाईल व घटनास्थल से 8 मोटरसायकल व 52 पत्ती जब्त किया गया। जुआरियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। कार्रवाई में साइबर थाना प्रभारी अमित सिंग व टीम एवं थाना सक्ती से निरीक्षक लखन लाल पटेल, उप निरीक्षक भुपेन्द्र चंद्रा, राजेश यादव, जीत जाटवर, महासिंह सिदार, नामदेव लहरे का योगदान रहा।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 667. अजय भोरे पिता\पति कृष्णा राव भोरे पता- शिव विहार डुंडा रायपुर, 668. गिरीश कुमार शर्मा पिता\पति कुंजलाल शर्मा पता– रायपुर, 669. गजेन्द्र कुमार देवांगन पिता\पति लखन लाल देवांगन पता- 26 कृष्णा सखा सोसाइटी रोहणीपुरम, 670. सुरेश साहू पिता\पति मनोहर लाल साहू पता- कुशालपुर रायपुर, 671. लोकेश बंजारे पिता\पति पीलू राम बंजारे पता- देवपुरी रायपुर, 672. राम किसुन साहू पिता\पति श्री फेरु राम साहू पता- सेमरिया रायपुर, 673. गीतांजलि यादव पिता\पति टापेश यादव पता- अशोक नगर गुढ़ियारी, 674. कैना बाई जांगड़े पिता\पति कृपाल जांगड़े पता- रिखिया परा जवाहर नगर रायपुर, 675. शिव कुमार मसूरकर पिता\पति स्व.डी.जी. मसूरकर पता- बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, 676. लेख राम धुरंधर पिता\पति डेहरा राम पता- बसारंग आरंग, 677. अक्षय कुमार साहू पिता\पति तिहारू राम साहू पता- नवापारा पीड, 678. पंकज साहू पिता\पति अनिरुध्न कुमार पता- हिन्छापुर सांकरा, 679.संजू सोनी पिता\पति गोपाल सोनी पता- आमापारा धमतरी, 680. चेष्टा साहू पिता\पति श्री मोहन लाल पता- भोथली धमतरी, 681. दिनेश्वरी निर्मलकर पिता\पति श्री लक्खू निर्मलकर पता- वार्ड न.-01 नाका पारा डोंगरगढ़, 682. हर्षिता अग्रवाल पिता\पति अनुपम अग्रवाल पता- गली बाज़ार वार्ड न.-12, 683. रश्मि साहू पिता\पति तारस लाल साहू पता- खैरी तुमड़ी बोड, 684. संजय वर्मा पिता\पति मोहन सिंह वर्मा पता- कन्तेली वार्ड न.02, 685. श्वेता शर्मा पिता\पति चन्द्र मोहन शर्मा पता-कांकेर, 686. चन्द्र किशोर साहू पिता\पति स्व.धरम राम साहू पता- सुमन पब्लिक स्कूल गुंडरदेही, 687. कुणाल कश्यप पिता\पति जोगेन्द्र कश्यप पता- जगदलपुर, 688. हरिशंकर पटेल पिता\पति कवलसिंह पटेल पता- जन्घोरा वि.ख.पिथौरा, 689. यशोदा निर्मलकर पिता\पति महेतरू निर्मलकर पता- मारुती वार्ड देवांगन पारा कवर्धा, 690. झड़ी राम यादव पिता\पति स्व.नाथू राम यादव पता- मोहरा, 691. माधव राम देवांगन पिता\पति रामनाथ देवांगन पता- जोंधरा पदर पारा कोंडागांव, 692. चुनेश्वरी मानिकपुरी पिता\पति ओंकार दास मानिकपुरी पता- गणेश किराना स्टोर वृंदा नगर भिलाई, 693. दुपत कुमार महतेल पिता\पति भीषम लाल महतेल पता- ग्राम-रूदा, 694. मो.मोइजुदीन पिता\पति मो.मोईनुद्दीन पता- जयंती नगर दुर्ग, 695. हुलेश कुमार देवांगन पिता\पति जनक लाल देवांगन पता- ग्राम व पोस्ट निकुम दुर्ग, 696. निधि साहू पिता\पति उपेन्द्र कुमार साहू पता- कुरूद, 697. नेहा साहू पिता\पति दमेंद्र कुमार साहू पता- आर्य नगर कोहका भिलाई, 698. चैतलाल देवांगन पिता\पति नकुल देवांगन पता- क्वार्टर न.5/H जोन-01 खुर्शिपार, 699. श्रीमती देवती पिता\पति बलिराम राम शर्मा पता- कैलाश नगर भिलाई, 700. कमल प्रसाद पिता\पति श्री अवध राम पता- वार्ड न.34 जी.केबिन चरौदा, 701. मुरारी प्रसाद देवांगन पिता\पति चुन्नी लाल देवांगन पता- कुथरेल थाना अंडा, **बिलासपुर संस्करण –** 702. प्रकाश कुमार गिरी पिता/पति राजकिशोर गिरी पता- परसाभाठा बालको, 703. अश्वनी कुमार पिता/पति स्व.सीताराम्र पता- दीपका कालोनी, 704. संतोष सिंह चंदेल पिता/पति लक्ष्मण सिंह चंदेल पता- बाल्कोनगर, 705. प्रमोद कुमार राठौर पिता/पति बाबूजी पता- हरदी बाजार, 706. अंजली बिंझवार पिता /पति अशोक कुमार बिंझवार पता- मड़वारानी, कोरबा, 707. रमेश कुमार राठौर पिता/पति सुखराम राठौर पता- हरदी बाजार कोरबा, 708. पलक अग्रवाल पिता/पति जगदीश प्रसाद अग्रवाल पता- हरदी बाजार कोरबा, 709. कुमारी दिव्या पिता/पति जे.पी.दिव्या पता- रामसागर पारा कोरबा, 710. अदिति ठाकुर पिता/पति राजेन्द्र सिंह ठाकुर पता- धनुहार पारा बाल्को, 711. नीतू देवी सिंह पिता/पति रविशंकर सिंह बाल्को कोरबा, 712. विवेक सोनी पिता/पति जगदीश सोनी पता- नेहरू नगर बाल्को कोरबा, 713. श्याम जी यादव पिता/पति लालजी यादव पता- दीपका बस्ती, 714. राकेश कुमार खूंटे पिता/पति बाबूलाल पता- रजगामार, 715. योगिता कुमारी पिता/पति मनोज यादव पता- परसाभाठा बालको, 716. अनुराधा पांडेय पिता /पति सुधांशु पांडेय पता- बाल्को, 717. अरूण कुमार पिता/पति उमेन्द्र राम बिंझवार पता- सण्डैल कोरबा, 718. चंद्रशेखर बिंझवार पिता/पति दाऊराम बिंझवार पता- सण्डैल कोरबा, 719. सुनीता विश्वाल पिता/पति एस.विश्वाल पता- शांति नगर बाल्को, 720. रमेश चौहान पिता /पति विशाल चौहान पता- शांति नगर बाल्को, 721. रामकुमार साहू पिता/पति पु[illegible]नीराम साहू पता- परसाभाठा बालको, 722. सविता यादव पिता/पति पुनीत कुमार यादव पता- संगम नगर बालको, 723. फरहा आरिफ अहमद पिता/पति आरिफ अहमद पता- बालको, 724. गार्गी पाठक पिता/पति अवधेश नारायण पाठक पता- शांति नगर, बालको, **भोपाल संस्करण –** 725. हर्षित झोड़ पिता\पति सुनील झोड़ पता- पंचशील नगर भोपाल, 726. जयश्री बुनकर पिता\पति मनोज बुनकर पता- राजीव नगर कोटरा सुल्तानाबाद भोपाल, 727. खुशी रजक पिता\पति राजेश रजक पता- पुट्ठा मिलपुरानी कॉलोनी, 728. शिवा विश्वकर्मा पिता\पति लक्ष्मी नारायण पता- 7148 देवी नगर करोद, 729. रेणुका सिंह सोंलकी पिता\पति संतोष सिंह सोंलकी पता- 34 राज नगर पलासी, 730. रेणु विश्वकर्मा पिता\पति प्रदीप विश्वकर्मा पता- शंकर नगर विदिशा, 731. रामबाबू सेन पिता\पति मोती लाल सेन पता- बरईपुरा विदिशा, 732. लवयांश कुशवाह पिता\पति सुमित कुशवाह विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 733. रजनीश कौरव पिता\पति उत्तम सिंह कौरव पता- नर्मदा कॉलोनी गाडरवारा, 734. नूरीन फातिमा पिता\पति सैयद इस्तेयाक अली पता- सुभाष वार्ड गाडरवारा, 735. जयंत प्रताप गौतम पिता\पति संजय कुमार गौतम पता- सरकारी स्कूल के पास मंगल नगर कटनी, 736. मधुलिका बक्शी पिता\पति - कॉलोनी कटनी, 737. शिवन्या बर्मन पिता\पति राहुल बर्मन पता- शारदा मंदिर के पास बरगवां कटनी, 738. आदर्श कुमार नामदेव पिता\पति राम किशोर नामदेव पता- सिंगौड़ी, 739. अभिनव राय पिता\पति अभिषेक राय पता- सिंगौड़ी, 740. देवांशी काछी पिता\पति संदीप कई पता- सिंगौड़ी।

नियम एवं शर्ते लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

लगातार कार्रवाई से बिचौलियों में मचा हड़कंप

# धान का अवैध भंडारण व परिवहन, 197 क्विंटल जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

धान के अवैध भंडारण व परिवहन पर कार्रवाई लगातार जारी है। इसी के तहत 197 क्विंटल धान जब्त किया गया है। उक्त कार्रवाई मंडी अधिनियम के तहत की गई है।

ज्ञात हो कि कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में अवैध धान खरीदी-बिक्री, परिवहन एवं भंडारण पर जिला प्रशासन द्वारा लगातार कड़ी कार्रवाई की जा रही है। मंडी अधिनियम के तहत बिचौलियों एवं कोचियों पर सख्त निगरानी रखते हुए संयुक्त टीमों द्वारा कार्रवाई तेज कर दी गई है। कृषि उपज मंडी समिति अकलतरा क्षेत्रांतर्गत तहसीलदार शशि भूषण सोनी के नेतृत्व में कृषि अधिकारी विकास मिश्रा, मंडी निरीक्षक हिरेंद्र, उपनिरीक्षक राम रतन सिंह राज तथा अशोक कुमार कंवर की टीम द्वारा आज विभिन्न स्थानों में कार्यवाही की गई। ग्राम तागा में करमा चौक के पास वाहन क्रमांक सीजी 11 एबी 1351 से 90 कट्टी अवैध धान सेवा सहकारी समिति उपार्जन केन्द्र तागा में खपाने के उद्देश्य से ले जाया जा रहा था। धान का मालिक हरिराम साहू, नवागढ़ का होना पाया गया, जिसे राजेश कुमार कौशिक के टोकन में खपाने का प्रयास किया जा रहा था। इसी प्रकार ग्राम कुथूर, नवागढ़ से 40 कट्टी ग्राम कूटरा से बलराम सूर्यवंशी से 50 कट्टी , ग्राम खोखरा, जांजगीर में नारायण गिरी गोस्वामी से 40 कट्टी , नवापारा (पेंड्री) से कृष्ण कन्हाई से 220 कट्टी एवं ग्राम कटघरी से शेष नारायण नायक से 53 कट्टी अवैध धान जप्त किया गया। इस प्रकार दल द्वारा कुल 493 कट्टी अवैध धान जप्त कर मंडी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया है। खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले में अब तक कुल 2382 क्विंटल धान और 5 वाहन जप्त की कार्यवाही 60 प्रकरणों में की गई है।


कार्रवाई करने पहुंचे अफसरों की टीम।

**खबर संक्षेप**

## ट्रेनिंग पूरा कर लौटे दो अग्नि वीरो का ग्रामीणों ने किया स्वागत



**बिर्रा।** गौरव ग्राम पंचायत मल्दा में बैंगलोर से ट्रेनिंग पूरा करने के बाद दो अग्नि वीर सुरेंद्र कुमार यादव और अंकित कुमार कश्यप अपने गृह ग्राम मल्दा पहुंचे। अग्निवीर के ग्राम पहुंचने पर रिश्तेदारों, मोहल्ले वासियों और ग्राम वासियों ने डीजे के धुन में नाचते हुए फूल माला, श्रीफल भेंट कर उनका स्वागत किया गया। गौरव ग्राम पंचायत मल्दा के किसान पारा निवासी राम यादव श्रीमती शांति बाई के सुपुत्र सुरेंद्र यादव और सड़क पारा मल्दा के दुर्गेश कश्यप श्रीमती मीनाक्षी बाई के सुपुत्र अंकित कुमार कश्यप दोनों का अग्निवीर में चयन होने के बाद लगभग 7 माह में ट्रेनिंग के पश्चात अपने गांव मल्दा वापस आने पर उनका आतिशबाजी के साथ स्वागत किया गया है। दोनों अग्नि वीर साधारण गरीब परिवार से हैं। इस अवसर पर दुर्गेश कश्यप, मीनाक्षी कश्यप, राम यादव, शांति बाई यादव, राम भगत मित्तल, मंडी अध्यक्ष मनोज कश्यप, संतोष कश्यप ,महेंद्र यादव ,रवि कश्यप, अजय कश्यप ,रामेश्वर कश्यप ,राम अवतार कश्यप, दुर्गेश कश्यप उपस्थित थे।

## बंसुला में धान खरीदी का शुभारंभ, प्रथम किसान को किया सम्मानित



**तालदेवरी।** सेवा सहकारी समिति करनौद के बंसुला में कृष्णकांत चन्द्रा एवं जिला पंचायत सभापति श्रीमति मोहनकुमारी साहू, पूर्व भाजपा जिला महामंत्री चेतन महंत,सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष घन्नू डडसेना, संस्था प्रबंधक रथलाल डडसेना के उपस्थित में मां लक्ष्मी, छत्तीसगढ़ महतारी और धान तथा इलेक्ट्रॉनिक कांटा का विधिवत पूजा अर्चना कर फीता काट कर प्रथम किसान को तिलक लगाकर 500 रुपये देकर स्वागत सम्मान किया गया। विधिवत पूजा अर्चना पं नोमन दूबे ने कराया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक कमल सिंह ठाकुर, अध्यक्ष घन्नू डडसेना, समिति प्रबंधक रथलाल डडसेना, मण्डी प्रभारी जगदीश चन्द्रा, सरपंच श्रीमति सुमित्रा गंगाराम कुर्रे,उपसरपंच अंजनी, तुलेश्वर पटेल उपस्थित थे।


**निधन**

### सरस्वती देवी साधवानी



**चांपा।** स्थानीय सिंधी समाज के प्रतिष्ठित नागरिक सिंधी कालोनी निवासी स्व. लद्दाराम साधवानी की धर्मपत्नी तथा राजेश साधवानी की माता जी श्रीमती सरस्वती देवी साधवानी का मंगलवार 9 दिसंबर को निधन हो गया। वे 75 वर्ष की थी। स्व. श्रीमती साधवानी अपने पीछे तीन पुत्रों एवं तीन पुत्रियों समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गई है। उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बंधुओं सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### पं. मोहनधर दीवान



**चांपा।** समीपस्थ ग्राम अफरीद निवासी तथा वर्तमान में दिल्ली में निवासरत ब्राम्हण समाज के प्रतिष्ठित एवं वरिष्ठ नागरिक पं. मोहनधर दीवान का मंगलवार 9 दिसंबर को दिल्ली में निधन हो गया। वे 90 वर्ष के थे। स्व. दीवान विश्व हिन्दू परिषद के समन्वय विभाग के महामंत्री थे। उनका अंतिम संस्कार बुधवार 10 दिसंबर को पूर्वान्ह 11 बजे लोधी गार्डन नई दिल्ली स्थित मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र आशीषधर दीवान ने दी। स्व. दीवान शासकीय महाविद्यालय चांपा के सेवानिवृत्त प्राचार्य बंशीधर दीवान के बड़े पिताजी थे।

### बलराम सेन



**चांपा।** स्थानीय मारवाड़ी सेन समाज के प्रतिष्ठित नागरिक हटरी बाजार जयकाली मंदिर के पास निवासरत बजरंगलाल सेन के पुत्र बलराम सेन का बुधवार 10 दिसंबर को निधन हो गया। वे 41 वर्ष के थे। स्व. सेन अपने पीछे दो पुत्रियों सहित एक पुत्र का भरा-पूरा परिवार छोड़ गये है। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार 11 दिसंबर को अपरान्ह 4 बजे हसदेव नदी के पश्चिमी तट पर ग्राम लछनपुर स्थित मारवाड़ी मुक्तिधाम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बंधुओं समेत गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### श्रीमती रामबाई चंदेल



**राहौद।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक अमृत चंदेल की धर्मपत्नी श्रीमती रामबाई चंदेल की आकस्मिक निधन बुधवार 10 दिसंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गुरूवार को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे पत्रकार नरेंद्र चंदेल के माता थी। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र नरेंद्र चंदेल ने दी। उनके अंतिम यात्रा में नगर के स्वजाति बंधु, गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

कलेक्टर ने कोचियों-बिचौलियों पर कड़ी निगरानी रखने और अनियमितता पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई करने दिए निर्देश

# धान खरीदी के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी नियमित करें खरीदी कार्यों का निरीक्षण : तोपनो

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभाग अंतर्गत चल रहे विभागीय कामकाज की समीक्षा की। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने धान खरीदी कार्य के लिए नियुक्त सभी नोडल अधिकारियों को नियमित रूप से धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण करते हुए खरीदी कार्यों का सुव्यवस्थित संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जिससे धान खरीदी केंद्रों में आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।



बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर अमृत विकास तोपनो।

बैठक में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो द्वारा जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों के विभागीय कार्यों तथा प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्यों सहित अन्य आवश्यक कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई तथा आवश्यक निर्देश दिए गए। समय सीमा की बैठक मे कलेक्टर ने कहा कि कई विभागों के बैंकों के खातों में लंबी अवधि से निष्क्रिय रूप से जमा पाए गए हैं। कलेक्टर ने इनऑपरेटिव एवं डिफ गवर्नमेंट बैंक अकाउंट्स को ऑपरेटिव कराने के लिए 12 दिसम्बर को सुबह 10:30 बजे से स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्तर माध्यमिक शाला सक्ती में शिविर आयोजित कराए जाने के निर्देश दिए। इस शिविर में उन्होंने ऐसे जिला और विकासखंड स्तरीय शासकीय विभाग जिनका खाता निष्क्रिय हो गया है, अधिक से अधिक संख्या में खाते के विवरण सहित शिविर में उपस्थित होकर खातों को एक्टिव कराने के निर्देश दिए है। कलेक्टर श्री तोपनो ने शासकीय विभागों के सभी इनऑपरेटिव एवं डिफ अकाउंट्स को शिविर में उपस्थित होकर ऑपरेटिव कराने के उपरांत ऐसी योजनाएं जो संचालित नहीं है कि राशि शासकीय कोष में जमा कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला खेल अधिकारी से स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सक्ती में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय युवा उत्सव के आयोजन की तैयारियों के संबंध में जानकारी लेते हुवे आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने धान खरीदी केंद्रों की नियमित मॉनिटरिंग करने और किसानों की सुविधा, पारदर्शिता और व्यवस्था के लिए किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए कोचियों-बिचौलियों पर कड़ी निगरानी रखने और अनियमितता पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में धान की किसी भी प्रकार की अवैध खरीदी, भंडारण व परिवहन पर रोक लगाएं तथा सख्त कार्रवाई करें। कलेक्टर द्वारा तहसीलवार विवादित नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, व्यपवर्तन, नक्शा बटांकन, त्रुटि सुधार, आधार प्रविष्टि सहित अन्य विभिन्न कार्यों की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के लंबित पेंशन प्रकरणों के अद्यतन स्थिति सहित अन्य आवश्यक कार्यो की विस्तारपूर्वक जानकारी ली तथा विभिन्न विभाग अंतर्गत लंबित पेंशन प्रकरणों का तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर द्वारा विभागवार समय सीमा के लंबित प्रकरणों, जनदर्शन, जनचौपाल आदि में प्राप्त शिकायतों का विस्तार से समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियो को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए गए है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ वासु जैन, अपर कलेक्टर बीरेन्द्र लकड़ा, बालेश्वर राम, के एस पैकरा, एसडीएम सक्ती अरुण कुमार सोम, एसडीएम मालखरौदा रूपेंद्र पटेल, एसडीएम डभरा विनय कुमार कश्यप, डिप्टी कलेक्टर सुश्री कावेरी मरकाम, प्रितेश राजपूत, जिला कोषालय अधिकारी उपेन्द्र पटेल, महिला एवं बाल विकास अधिकारी सुधाकर बोदले सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



## सिविल न्यायालय भवन के लिए हुआ वर्चुअल भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

■ 7 करोड़ 21 लाख रुपए की लागत से होगा निर्माण

न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा मुख्य न्यायाधीश छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर एवं न्यायमूर्ति संजय अग्रवाल न्यायाधीश छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर और पोर्टफोलियो न्यायाधीश जिला जांजगीर- चांपा की वर्चुअल उपस्थिति में मंगलवार 9 दिसंबर को सुबह 10 बजे 721 लाख रुपए की लागत से नवीन सिविल न्यायालय भवन निर्माण का भूमि पूजन एवं शिलान्यास सिंचाई कालोनी परिसर में किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शक्ति सिंह राजपूत का उद्बोधन हुआ। इससे पहले न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति पामगढ़ श्रीमती शीलू केसरी के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना आचार्य संतोष तिवारी के सानिध्य में की गई। कार्यक्रम में ई.ई. श्रीमती ममता पटेल , श्यामलाल सांडे अध्यक्ष अधिवक्ता संघ पामगढ़, तहसीलदार महेंद्र लहरें, बृजमोहन परस्ते मुख्य नगर पालिका अधिकारी, रोहिणी पटेल सचिव अधिवक्ता संघ,अधिवक्ता गण डी.पी. तिवारी मणिशंकर गौरहा, साखीराम कश्यप, मनोज खरे,दिनेश थवाईत, संतोष यादव,उमाशंकर दुबे,भोजराम ओंकार, कु किरण कांत, बृजेश सिंह, संदीप देवांगन,जागेश्वर रत्नाकर, नितिन सिंह,अश्वनी चंदेल, क्रांति केशरवानी,एन एल बंजारे, ओंकार राय सागर, आशीष तिवारी, कौशल कश्यप, अधिवक्ता संघ के सदस्य गण,राधाकांत केशरी, मनोहर सिन्हा थाना प्रभारी पामगढ़, पारस पटेल थाना प्रभारी मुलमुला, प्रवीण द्विवेदी थाना प्रभारी शिवरीनारायण एवं पामगढ़ न्यायालय के समस्त स्टाफ कृष्ण कुमार साहू, मनोज जायसवाल, व्यास नारायण राठौर, विजेंद्र सिंह, आनंद कश्यप, श्रद्धा गुप्ता श्रीमती रुबीना, सुरेंद्र बर्मन, शिव बंजारे, धनेश्वर सिदार, सरोज साहू,अनुज कुर्रे, मनीषा तिवारी प्रदीप कुमार खैरवार , पीएलव्ही गजानंद प्रसाद कश्यप, नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी सहित लोकनिर्माण विभाग के अधिकारी कर्मचारी,एवं नगर पंचायत पामगढ़ के ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## शासकीय उच्तर माध्यमिक विद्यालय नगरदा में छात्राओं को साइकिल वितरित

**सक्ती।** सक्ती विधानसभा क्षेत्र के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगरदा में सरस्वती सायकल वितरण योजना के तहत आयोजित सायकल वितरण कार्यक्रम के मुख्य



अतिथि पूर्व विधायक सक्ती एवं भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा छत्तीसगढ़ प्रदेश महामंत्री डॉ. खिलावन साहू ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में जब-जब भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है, तब-तब बालिका शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। उन्होंने आगे बताया कि वर्तमान विष्णु देव साय सरकार ने वर्ष 2025–26 के लिए शिक्षा विभाग हेतु बजट में 22,356 करोड़ रुपये, जो कि कुल बजट का 12 प्रतिशत है, का सर्वाधिक प्रावधान कर यह स्पष्ट किया है कि शिक्षा, विशेषकर बालिका शिक्षा, सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सदस्य श्रीमती गुलेश्वरी संजय कंवर, सरपंच बी.एल. यादव, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष विनोद जायसवाल, पूर्व मण्डल अध्यक्ष संतोष राठौर, वरिष्ठ नेता राम दयाल कंवर, द्वय सुफल राम बरेठ, पूर्व सरपंच मत्तूलाल यादव, सोसायटी अध्यक्ष गोपाल जायसवाल, संतोष साहू, विजेंदर कंवर, राम कुमार कंवर, ऋषि श्रीवास, धरम कंवर तथा प्राचार्य छतराम कंवर सहित शिक्षकगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## गांव में शिविर आयोजित होने से लोगों में आएगी जागरुकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

■ बनडभरा में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर सम्पन्न

विकासखंड बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम बनडभरा में शासकीय नवीन महाविद्यालय बिर्रा के छात्र-छात्राओं के द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का समापनपौधा रोपण कार्यक्रम से हुआ है। इसमें गांव के सरपंच मनोज भारद्वाज, अनिल कश्यप पंच, अशोक नवरंगे गणमान्य नागरिक, नहर लाल कश्यप सहित ग्राम के अन्य वरिष्ठ जन प्रतिनिधि एवं शिविरार्थी उपस्थित थे।



अतिथि के साथ प्रमाण पत्र के साथ उपस्थित शिविरार्थी।

समापन समारोह में सरपंच मनोज भारद्वाज ने पूरा एनएसएस परिवार को धन्यवाद देते हुए कहा कि गांव में शिविर आयोजित होने से नशा मुक्ति, स्वच्छता एवं सामाजिक जागरूकता का संदेश जाएगा। उन्होंने कार्यक्रम अधिकारी व सहायक कार्यक्रम अधिकारी को पुष्प-गुच्छ और प्रतिमूर्ति भेंट कर सम्मानित किया। स्वयं सेवक पुष्पेंद्र कुमार चंद्रा शिविर दलनायक ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि एनएसएस ने उन्हें समाज सेवा, अनुशासन, टीमवर्क और ग्रामीण जीवन की वास्तविकताओं को समझने का अवसर दिया। इस शिविर ने उन्हें अपनी भविष्य में सामाजिक कार्यों से जुड़े रहने की प्रेरणा दी। दिव्या सारथी शिविर दलनायिका ने अपनी शिविरार्थियो की विशेष रूप से सराहना करते हुए कहा कि समस्त शिवरात्रियों ने हर गतिविधि में अनुशासन और समर्पण दिखाया है जो अत्यंत प्रशंसनीय है। शिविर के दौरान स्वच्छता अभियान, नशा मुक्ति जागरूकता रैली, वृक्षारोपण, ग्राम भ्रमण, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं श्रमदान जैसी कई गतिविधियां संपन्न हुई हैं। कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर मोतीचंद अनंत ने शिविरार्थियो की उज्जवल भविष्य की कामना किये। सहायक कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर हितेश्वरी वर्मा ने आभार व्यक्त किया। इस प्रकार राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष उत्कृष्ट अनुशासन सेवा भावना और सामाजिक जागरूकता के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर कॉलेज के छात्र-छात्राएं, प्राध्यापक, पंचायत पदाधिकारी व ग्रामवासी उपस्थित थे ।

## अमोदा स्कूल में हुआ न्यौता भोज बच्चों संग शिक्षकों ने लिया आनंद

**जांजगीर-चांपा।** नवागढ़ विकासखण्ड के शासकीय नवीन, जनपद, प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला अमोदा में संयुक्त रूप से 9 दिसंबर मंगलवार को न्यौता भोज का आयोजन किया गया। प्रधान पाठक श्रीमती आशा गोपाल के द्वारा न्यौता भोज कराया गया। सीएसी अनिल कुमार पाण्डेय ने बताया कि नेवता भोज एक सामुदायिक भागीदारी पर आधारित योजना है, जिसके तहत लोग जन्मदिन, शादी या त्योहार जैसे खास मौकों पर स्कूलों में बच्चों को पौष्टिक भोजन कराते हैं, जिससे बच्चों में समानता और अपनेपन की भावना बढ़ती है और उनके पोषण में सुधार होता है। इस अवसर पर बीईओ तरुण कुमार साहू, संकुल प्राचार्य अशोक कुमार जाटवर, सीएसी अनिल कुमार पाण्डेय, सतीश साहू, एसएमसी अध्यक्ष भागीरथी धीवर, कुशल देवांगन, सीताराम यादव, बीडीसी निशा हरिराम यादव सहित समस्त विद्यार्थी व शिक्षक स्टाफ उपस्थित रहे।



## अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर ग्रामीणों ने कैंडल जलाकर अर्पित की पुष्पांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

भारत के सर्वसमावेशी संविधान के शिल्पकार एवं भारतरत्न से सुसज्जित बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर शाम 6 बजे बाजार चौक चंडीपारा में मोमबत्ती जलाकर सादर पुष्पांजलि अर्पित किया गया और अंबेडकर के विचारों को आत्मसंकल्पित कर भीम कैंडल यात्रा के रूप में ग्राम के प्रमुख चौक चौराहों से गुजरते हुए पदयात्रा निकाली गई।



इस यात्रा में आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष डॉ हेमंत कश्यप, जिला सचिव विनय गुप्ता और बीडीसी सदस्य प्रतिनिधि अशोक खांडे को आमंत्रित किया गया। डॉ हेमंत कश्यप ने कहा कि बाबा साहेब हमारे जीवन के आदर्श और सदैव विचारवान मार्गदर्शक के रूप में अमर रहेंगे व आने वाली पीढ़ियां भी ऐसे दुर्लभ व्यक्तित्व को आत्मसात कर इस महान देश के सच्चे नागरिक बनेंगे। जिला सचिव व सोशल एक्टिविस्ट विनय गुप्ता ने सभी से अपील की कि हमें महाविद्वान विश्व समुदाय में अलंकृत डॉ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के बताए रास्तों पर चलकर ही देश और समाज को रूढ़िवाद, पाखंड और अंधविश्वासों से मुक्ति दिलाकर शैक्षणिक व वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर उनके सपनों को साकार करना है, समाज के अंतिम व्यक्ति को न्याय और अधिकार दिलाने का प्रण लेना ही ऐसे महान विभूति को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस दौरान व्यवस्थापक सदस्य दीपक कुर्रे, साहिल खरे, तुलाराम खरे, सरफरोज तथा पदयात्रा संचालनकर्ता मालिक राम खरे (अध्यापक) जयप्रकाश खरे व बड़ी संख्या में युवाओं के साथ बच्चे, महिलाएं, ग्रामीण और बुजुर्ग भी मौजूद रहे।

## छग प्रगतिशील पेंशनर कल्याण संघ की हुई बैठक

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ प्रगतिशील पेंशनर कल्याण संघ की बैठक 7 दिसंबर को दोपहर में बिसाहू दास महंत गार्डन जांजगीर के परिसर स्थित बापू की कुटिया में संघ के जिला अध्यक्ष संतोष राठौर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 17 दिसंबर को पेंशनर डे के अवसर पर आयोजित प्रांतीय सम्मेलन में रायगढ़ जाने की रूप रेखा तैयार की गई।



बैठक में चर्चा करते प्रगतिशील पेंशनर कल्याण संघ के पदाधिकारी।

बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष आरके थवाईत, प्रांतीय पदाधिकारी कविता तिवारी, सुरेंद्र सिंह राठौर, जिला संरक्षक डीएल कटकवार, विनीत सालोमन, अशोक राठौर 2, कोषाध्यक्ष डीएन देवांगन, गणेश राम सूर्यवंशी, नवल कुमार यादव, सत्यनारायण देवांगन, सुशील कुमार पाण्डेय, देवी सिंह ठाकुर, जे राय, इंजीनियर आरके साहू, शिव कुमार थवाईत, केपी पाण्डेय, डीपी राठौर, इंजीनियर देवीप्रसाद राठौर, विश्वनाथ सिंह बैस, नंदकिशोर मिश्रा, प्रदीप कुमार तिवारी, अमृत लाल राठौर, बीपी थवाईत, जिला मुख्य संरक्षक आरएस राठौर, इंजीनियर आरपी सराफ, भगवंतीन साहू, विश्राम सिंह राठौर, विजय कुमार राज, अशोक राठौर, गोपाल राठौर, परदेशी राम सूर्यवंशी, भूपल प्रसाद राठौर, ब्यासनारायन दुबे, इंजीनियर बद्रीविशाल निर्मलकर, इंजीनियर चंद्र कुमार साहू, कार्यकारी अध्यक्ष चंद्रहास सिंह कछवाहा शामिल हुए। बैठक में पेंशनर डे प्रांतीय सम्मेलन में रायगढ़ जाने के लिए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

छत्तीसगढ़ के साथ ही ओड़िसा और झारखंड के किसानों ने की शिरकत

## भाजी महोत्सव में 60 से ज्यादा तरह की भाजियों की लगी जीवंत प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

बहेराडीह स्थित वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल में राज्य स्तरीय भाजी महोत्सव आयोजित किया गया। छग में भाजी की बड़ी पहचान है और इसे संजोने का कार्य किसान स्कूल बहेराडीह ने किया है। भाजी महोत्सव के दौरान भाजी प्रतियोगिता भी हुई और 10 महिलाओं को भाजी दीदी के रूप में सम्मान भी किया गया। भाजी महोत्सव के दौरान 60 से ज्यादा तरह की भाजियों की जीवंत प्रदर्शनी लगी और इसे लेकर महिलाओं में गजब का उत्साह रहा।



प्रदर्शनी का निरीक्षण करते कलेक्टर जन्मेजय महोबे एवं अन्य अतिथिगण।

किसान स्कूल में द्वितीय बरस आयोजित इस भाजी महोत्सव में ओड़िसा, झारखंड के साथ ही छग के कई जिलों के किसानों ने शिरकत की। किसान स्कूल के राज्य स्तरीय भाजी महोत्सव में कलेक्टर जन्मेजय महोबे, एसपी विजय पांडेय, सक्ती जिला पंचायत की अध्यक्ष द्रौपदी चंद्रा और पामगढ़ की पूर्व विधायक इंदु बंजारे, मोनू कश्यप, वरिष्ठ पत्रकार उपेंद्र तिवारी, जांजगीर सीएसपी योगिताबाली खापर्डे, अजाक्स डीएसपी सतरूपा तारम, जनपद सदस्य चुड़ामणि राठौर, सरपंच चंदा कश्यप समेत अन्य अतिथि शामिल हुए। यहां सभी अतिथियों ने किसान स्कूल की अनोखी पहल की तारीफ की, क्योंकि छग में ऐसा आयोजन और कहीं नहीं होता, इसलिए इस अनोखे आयोजन की खूब चर्चा रही। अतिथियों ने कहा कि छग में यह पहली जगह है, जहां बड़ी संख्या में भाजी को संरक्षित किया गया है। इस तरह भाजी महोत्सव, मील का पत्थर हो गया है। कार्यक्रम का संचालन जया अग्रवाल, श्रीया अग्रवाल और आभार प्रदर्शन उद्यान विभाग की अधिकारी प्रियंका सेंगर ने किया। इस अवसर पर संचालक दीनदयाल यादव, बलौदा जनपद की पूर्व उपाध्यक्ष नम्रता राघवेंद्र नामदेव, विधायक प्रतिनिधि राघवेंद्र नामदेव, गिरवर पटेल, नवाचारी कृषक रामाधार देवांगन, मनोज थवाईत, अमृतलाल साहू, रामशिला कश्यप, दिलीप साहू, छोटू कश्यप, पारस साहू, अविनाश साहू, डॉ. कैलाश बरेठ, अविनाश धीवर, गिरवर पटेल, रेवती यादव, पुष्पा यादव, श्रवण, अविनाश, आरसेटी से अरुण पाण्डेय समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## साक्षरता महायज्ञ में एक हजार से अधिक परीक्षार्थी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

उल्लास नवभारत साक्षरता परीक्षा में एक हजार से अधिक परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग एवं राष्ट्रीय मुक्त विघालयी शिक्षा संस्थान के निर्देशन में जिलाधीश जन्मोजय महोबा के निर्देशन में डीईओ अशोक सिन्हा मार्गदर्शन में बम्हनीडीह बीईओ श्रीमती रत्ना थवाईत नेतृत्व में खण्ड समन्वयक एच सी बेहार कुशल नेतृत्व में बम्हनीडीह नोड़ल अधिकारी सुशील शर्मा के द्वारा उल्लास नवभारत साक्षरता महायज्ञ का परीक्षा में बम्हनीडीह ब्लाक के स्कूल मे ग्राम प्रभारी के सहयोगात्मक से गत सात दिसंबर को परीक्षा आयोजित किया गया, जिसमें करीब एक हजार पचास परीक्षार्थी



शामिल हुए। इसमें पुरुष की अपेक्षा महिला ने परीक्षा महायज्ञ में सबसे ज्यादा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस साक्षरता परीक्षा में इस बार बीईओ श्रीमती रत्ना थवाईत खण्ड समन्वयक एच सी बेहार एव नोडल अधिकारी सुशील शर्मा के द्वारा लगातार साक्षरता परीक्षा को सफल बनाने के लिए निरंतर प्रयास किया गया था जिसके कारण सभी ग्राम प्रभारी ने अपने स्तर पर साक्षरता परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए परीक्षार्थी को प्रेरित किया गया।

## खबर संक्षेप

### अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले में जिले के खिलाड़ियों ने लहराया जीत का परचम



**जांजगीर - चाम्पा।** वर्ल्ड पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025 में इतिहास रचते हुए जिले के दो खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर जीत का परचम लहराया। शानू रायने ओपन केटेगरी और सूर्याभन कुमार जूनियर केटेगरी में 2 गोल्ड, 2 सिल्वर और 1 बरोन्ज जीतकर भारत को कुल 5 मैडल्स दिलाया। अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मेडल हासिल कर दोनों खिलाड़ियों ने पूरे विश्व में भारत का नाम रोशन किया। यह अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता श्रीलंका का राजधानी कोलंबो में आयोजित हुई। दोनों खिलाडियो ने जांजगीर के हल्क फिटनेस क्लब के कोच कैलाश वर्मा एवं किशन वर्मा के मार्गदर्शन में तैयारी की थी। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रामेन डेका ने वर्ल्ड चैंपियन खिलाडी शानू कुमार और सूर्याभन कुमार एवं कोच किशन वर्मा व कैलाश वर्मा को राजभवन में रात्रि भोज पर बुलाया। अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को एथलीट ऑफ़ द ईयर का खिताब देते हुए सम्मानित किया।

### पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक 14 दिसंबर को

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ संयुक्त तहसील चाम्पा, सारागांव, बम्हनीडीह की मासिक बैठक मां गायत्री उ. मा. विद्यालय सारागांव में रविवार 14 दिसंबर को दोपहर 12 बजे आयोजित किया गया है। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा की जाएगी तथा प्रांतीय निर्देशों की जानकारी दी जाएगी। छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के अध्यक्ष बालमुकुंद चतुर्वेदी, कार्यवाहक अध्यक्ष नंद कुमार राठौर, गेंदराम डडसेना, तिजेंद्र तिवारी, सचिव विजय सिंह राठौर, गौरीशंकर राठौर, कोषाध्यक्ष घनश्याम यादव, प्रवक्ता रामकुमार राठौर ने पेंशनरों को अधिक से अधिक से संख्या में बैठक में शामिल होने की अपील की है।

### घिवरा में 33 वर्ष बाद फिर होगा अखंड राम नाम सप्ताह यज्ञ का आयोजन

**बिर्रा।** ग्राम घिवरा में 33 वर्ष बाद 19 जनवरी को अखण्ड राम नाम सप्ताह यज्ञ का भव्य आयोजन होगा। राम नाम सप्ताह यज्ञ के आयोजन को लेकर पूरे गांव में उल्लास देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि यहां तीन दशक पहले हुए इस राम नाम सप्ताह यज्ञ ने पूरे अंचल में धार्मिक जागरण का माहौल बनाया था। अब इतने लम्बे अंतराल के बाद दोबारा आयोजित हो रहे इस राम नाम सप्ताह यज्ञ के लिए ग्रामीणों में खास उत्साह देखा जा रहा है। जिसकी ग्रामीण, युवा, किसान सभी मिलकर तैयारी में जुटे हुए हैं। हर कोई इस आयोजन को ऐतिहासिक और अविस्मरणीय बनाने की तैयारी में लगा है। ग्रामीणों का कहना है कि नववर्ष की शुरुआत भक्ति और आध्यात्मिकता के साथ होने से पूरे गांव में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो रहा है। माघ माह की पवित्रता और राम नाम सप्ताह यज्ञ का समन्वय अंचल में शुभता, शांति और सद्भाव का संदेश देता है। गांव के बुजुर्ग बताते हैं कि यह आयोजन सिर्फ धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, सांस्कृतिक विरासत और सनातन परंपरा का जीवंत स्वरूप है। बच्चों और युवाओं में भी राम नाम सप्ताह यज्ञ के प्रति उत्साह बढ़ा है तथा गांव के लोग मिलकर व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाने में दिन-रात जुटे हैं।

### डॉ. चरण दास महंत के जन्मदिन पर फल वितरण एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर कल


**सक्ती।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष



तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार के जन्म दिन पर 13 दिसंबर को प्रति वर्ष अनुसार अधिवक्ता राकेश महंत के संयोजकत्व में सुबह 9 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मातृ शिशु अस्पताल सक्ती में फल वितरण किया जाएगा। साथ ही कचहरी चौक में 10:30 बजे से दोपहर 3 बजे तक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया है। शाम 4 बजे जरूरतमंद महिलाओं को वस्त्र वितरित किया जाएगा। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं अधिवक्ता राकेश महंत ने कार्यक्रम में सभी कांग्रेस जनों से उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### छत्तीसगढ़ पुलिस भर्ती में कमलेश का हुआ चयन

**बिर्रा।** छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग ने पुलिस



कांस्टेबल भर्ती 2025 का रिजल्ट 9 दिसंबर मंगलवार को जारी किया है। इसमें ग्राम गतवा के केवट मोहल्ला निवासी कमलेश कुमार केवट पिता शंकर केवट का चयन हुआ है।, जिससे उनके परिवार और गांव में खुशी का माहौल है। कमलेश ने बताया कि वह भर्ती की तैयारी वकेंसी आने से पहले ही शुरू कर चुका था, जिसका परिणाम उन्हें सफलता मिली है। उनकी इस सफलता पर जीवन साहू और सरपंच ग्राम पंचायत गतवा ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। इसके अलावा ग्राम के अशोक पटेल, ओमप्रकाश, विकास, उमेश, किसन, मोहन, सोहन, सरपंच भुवन साहू और ग्राम वासियों ने भी कमलेश केवट के छत्तीसगढ़ पुलिस आरक्षक बनने पर उन्हें बधाई दिए हैं।

छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के बलिदान दिवस पर विविध कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

# शहीद वीर नारायण सिंह का जीवन अन्याय, शोषण और अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने की देता हैं प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

शहीद वीर नारायण सिंह आयोजन समिति के तत्वावधान में ग्राम बरगवां में बुधवार 10 दिसंबर को छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान दिवस पर आदिवासी समाज द्वारा गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन आदिवासी शक्ति पीठ कोरबा के संरक्षक आर.एस. मार्को के मुख्य आतिथ्य, तुजनबाई भूषण सिंह ध्रुवे की अध्यक्षता एवं मोहन सिंह प्रधान, निर्मल सिंह राजी, सुभाष चंद्र भगत, रमेश सिरका, एमपी सिंह तंवर ,बीएस पैकरा, महादेव नेताम, महेंद्र सिंह ध्रुव व रामेश्वरी कंवर के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कोटगढ़ स्थित भगवान बिरसा मुंडा चौक से रैली निकाल कर किया गया। पारंपरिक वेशभूषा, नृत्य, गीत और सामाजिक चिन्हों के साथ निकली यह रैली शहीद वीर नारायण सिंह चौक तक पहुंची, जहां वीर योद्धा को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। ग्रामीणों, युवाओं और महिलाओं की भारी उपस्थिति ने समाज की एकजुटता और सांस्कृतिक गौरव का मजबूत संदेश दिया। मंच पर पहुंचे विशिष्ट अतिथियों का स्वागत पारंपरिक आदिवासी रीति के अनुसार किया गया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत राजगीत, सांस्कृतिक नृत्य और वीर नारायण सिंह के जीवन पर आधारित नाट्य प्रस्तुति मुख्य आकर्षण रहे, जिसने कार्यक्रम को जीवंत और प्रेरणादायी बना दिया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज की असली शक्ति उसकी एकता में है।

शहीद वीर नारायण सिंह का जीवन हमें अन्याय, शोषण और अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने की प्रेरणा देता है। युवाओं को अपनी सांस्कृतिक विरासत और इतिहास को संरक्षित करने की जिम्मेदारी निभानी चाहिए। समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि ऐसे आयोजन न केवल समुदाय को उसकी जड़ों से जोड़ते हैं, बल्कि नई पीढ़ी में सांस्कृतिक गर्व और जागरूकता का संचार भी करते हैं। कार्यक्रम में शहीद वीर नारायण सिंह आयोजन समिति के संरक्षक डॉ. सीपी सिंह विनोद सिंह कंवर, रामचरण सिंह कंवर, शुक्रवार सिंह कंवर, महेश सिंह नेताम ,शत्रुघ्न सिंह श्याम, मनहरण कंवर, गोवर्धन कंवर, गुनाराम कंवर ,परदेसीराम आयम, लखेश्वर कंवर, मनहरण मरकाम, रामजन्म सिंह ध्रुव, हेम सिंह राज एवं आदिवासी समाज के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



वीर योद्धा को श्रद्धासुमन अर्पित करते अतिथि एवं समाज के लोग।

## सेमरिया में संगोष्ठी कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**तनौद-कोसला।** छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, सोनाखान के जमींदार, वीर आदिवासी योद्धा शहीद वीर नारायण सिंह का शहादत दिवस ग्राम सेमरिया के शहीद वीर



नारायण सिंह चौक में माल्यार्पण, श्रद्धांजलि सभा एवं विचार संगोष्ठी का कार्यक्रम रखा गया। सर्वप्रथम उपस्थित अतिथियों और जनसमुदाय ने शहीद वीर नारायण सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना कर उनके जयकारे लगाए। तत्पश्चात मंचीय कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भुवनेश्वर सिंह मरकाम अध्यक्ष गोंडवाना गोंड महासभा खरौदराज एवं अध्यक्षता कन्हैया लाल कंवर जी ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में खेदु कंवर अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज रणजीत सिंह पैकरा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ पामगढ़,सुदर्शन लाल मरावी अध्यक्ष युवा प्रभाग ,तिलक राज नेताम, संजय खैरवार कार्यकारी अध्यक्ष,शत्रुहन नेताम उपाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज,विनय सिंह नेताम, श्रीमती निर्मला कमल साहू जी सरपंच ग्राम पंचायत सेमरिया, रामचंद पाल जनपद सदस्य, संतोष कुमार जगत सरपंच ग्राम पंचायत नंदेली व्यासनगर, दिलीप कुमार मरावी सरपंच ग्राम पंचायत पकरिया थे । कार्यक्रम का संचालन कुंजल सिंह कंवर ने किया।



# स्वच्छ भारत मिशन राज्य सलाहकार ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

■ घरों से निकलने वाले कचरे को अलग-अलग श्रेणी में देने किया प्रेरित

हमारा शौचालय हमारा भविष्य के अवसर पर राज्य सलाहकार (रा.स्व.भा.मि.ग्रा.) एवं संभाग प्रभारी बिलासपुर श्रीमती मोनिका सिंह द्वारा स्वच्छता गतिविधियों को बेहतर बनाने एवं समुदाय को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने की दिशा में जिले के जनपद पंचायत अकलतरा अंतर्गत ग्राम पंचायत अमरताल, खटोला, कटघरी कल्याणपुर एवं लटिया का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान राज्य सलाहकार श्रीमती सिंह ने सभी स्वच्छाग्रहियों से गांवों में संचालित कचरा कलेक्शन व्यवस्था, विशेषकर गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्कीकरण के विषय में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने ग्रामीणों को घरों से निकलने वाले कचरे को अलग-अलग श्रेणी में देने हेतु प्रेरित किया तथा स्वच्छ आदतों को अपनाने कहा। राज्य सलाहकार ने यूज़र चार्जेस और प्रोत्साहन राशि से संबंधित जानकारी साझा करते हुए स्वच्छाग्रहियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रोत्साहित किया।उन्होंने गांव में निर्मित सामुदायिक शौचालयों का निरीक्षण कर उनके निरंतर उपयोग, रखरखाव एवं सफाई व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि सामुदायिक शौचालयों का नियमित उपयोग हो तथा स्वच्छता के मानकों का पूर्ण पालन किया जाए। इस अवसर पर स्वच्छाग्राही समिति के अध्यक्ष, सचिव, महिला समूह की दीदियां, ग्राम सरपंच, सचिव तथा ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## युवक कांग्रेस ने किया मातृ शक्ति का सम्मान



**चांपा।** जिला युवक कांग्रेस द्वारा विगत दिनों स्थानीय नगरपालिका परिषद में कार्यरत महिला सफाई कर्मियों सहित महिला पुलिसकर्मियों और ग्राम पंचायत में कार्यरत महिलाओं को शाल, श्रीफल भेंटकर उनका सम्मान किया गया। युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष पंकज शुक्ला के नेतृत्व में युवक कांग्रेस की जिला इकाई द्वारा यह सम्मान समारोह कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित किया गया। समारोह के दौरान सभी महिलाओं को मिठाई खिलाकर भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष पंकज शुक्ला ने कहा कि मातृ शक्ति का सम्मान कर वे स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे है। इस दौरान प्रमुख रुप से युवक कांग्रेस के प्रदेश महासचिव गौरव सिंह, भूपेन्द्र यादव, आकाश सिंह, सागर पटेल, शुभंकार सिंह, भावेश पटेल, प्रभाकर कसेर सहित बड़ी संख्या में युवक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नि:शुल्क कानूनी सहायता एवं मौलिक अधिकार के बारे में दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

■ डॉ भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय में पोस्टर, मेकिंग, रंगोली स्पर्धा का किया गया आयोजन

अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर डॉ भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय पामगढ़ में पोस्टर मेकिंग, रंगोली स्पर्धा का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति पामगढ़ श्रीमती शीलू केसरी के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस मनाने के उद्देश्य, वर्ष 2025 की थीम मानवाधिकार हमारी दैनिक जरूरतें हैं क्योंकि ये हर इंसान को गरिमा, समानता, सम्मान के साथ जीने का अधिकार देते हैं, जो हमें भेदभाव, अत्याचार से बचाते हैं। हमें बोलने, सोचने और निर्णय लेने की स्वतंत्रता देते हैं। उन्होंने उपस्थित छात्रों को कानून संबंधी जानकारी देते हुए निःशुल्क कानूनी सहायता, मौलिक अधिकार एवं मौलिक कर्तव्य , लोक अदालत में आपसी समझौते के लाभ 13 दिसंबर को होने वाले लोक अदालत , निशुल्क अधिवक्ता प्राप्त करने की प्रक्रिया सहित अन्य का अन्य कानूनी जानकारी दिए। रंगोली प्रतियोगिता व पोस्टर मेकिंग के प्रतिभागियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदत्त शील्ड से विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किये। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी ग्रुप ए कुमारी राखी चौहान, ग्रुप बी कुमारी नेहा मानिकपुरी, ग्रुप सी कुमारी नीलू खरे, ग्रुप डी कुमारी दिव्या साहू, ग्रुप ई कुमारी सुरभि, पोस्टर मेकिंग हर्ष कुमार, कुमारी नवदुर्गा कुर्रे, विक्रम पटेल, सोमेश कुमार श्रीवास, सुखीराम कैवर्त , कुमारी सुरभि, कुमारी ईशिका । जिसमें रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम कुमारी दिव्य साहू एवं साथी, द्वितीय कुमारी नीलू खरे एवं टीम, तृतीय कुमारी राखी चौहान एवं साथी, इसी तरह पोस्टर मेकिंग में प्रथम पुरस्कार सोमेश कुमार श्रीवास, द्वितीय कुमारी, ईशिका कुर्रे, तृतीय विक्रम पटेल रहे। कार्यक्रम में स्वागत भाषण डॉक्टर एस आर महेंद्र सहायक प्राध्यापक एवं मंच संचालन आर एस विश्वकर्मा के द्वारा किया। कार्यक्रम में राधाकांत केसरी, गजानंद प्रसाद कश्यप, नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी, डॉ श्वेता जैन, सुश्री मीरा टंडन, श्रीमती संतोषी उरांव, श्रीमती गौरी लक्ष्मी सहित कॉलेज के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे ।




मंचस्थ अतिथिगण एवं प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी छात्र-छात्राएं।

## पीडीएस दुकानों में कई माह से मिल रहा है सड़ा चावल

**सक्ती।** नगर के सार्वजनिक वितरण प्रणाली पीडीएस दुकानों में उपभोक्ताओं को सड़ा हुआ चावल वितरण किया जा रहा है। नान के सरकारी गोदामों से जिले के पीडीएस दुकानों में कई माह से सड़ा हुआ चावल भेजा जा रहा है और गरीबों को सड़ा चावल बांटा जा रहा है। शासन द्वारा पीडीएस दुकान से मुफ्त चावल एवं एक रुपए किलो में गरीबों को चावल बांटने का सराहनीय कार्य किया परंतु शासन की योजनाओं को अधिकारी एवं राइस मिलर तथा नान गोदाम निरीक्षक के द्वारा सड़े हुए चावल को पीडीएस दुकानों में भेज कर गरीबों के मुंह का निवाला छीनने में लगे हैं। दुकान संचालकों की मानें तो हर माह इस सड़े चावल को फिर से आवंटन कर दिया जाता है और अच्छे चावलों को ऊंचे दामों पर मार्केट में बेचकर अधिकारी राइस मिलर मालामाल हो रहे हैं। नान गोदाम में चावल लिए जाने की प्रक्रिया में राइस मिलरों से मिलीभगत कर खराब एवं सड़ा हुआ चावल लिया जा रहा है, जिसे बाद में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के माध्यम से उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जा रहा है। नाम नहीं छापने के शर्त पर पीडीएस दुकान संचालक ने बताया कि लगभग छह माह हो गया इसी प्रकार से सड़ा हुआ चावल दिया जा रहा है। नगर के पीडीएस दुकानों में चावल की स्थिति को जानने एवं उपभोक्ताओं से मिलकर चर्चा करने पर ज्ञात हुआ लगभग छह माह से ऐसा ही सड़ा चावल दिया जा रहा है।

## डीबी सीपीएल-5 का हुआ रंगारंग शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा



मॉर्निंग क्रिकेट परिवार के तत्वावधान में आयोजित चांपा प्रीमियर लीग (डीबी सीपीएल) के पांचवें सीजन का शुभारंभ गुरुवार 11 दिसंबर से हुआ। इसके पूर्व बुधवार 10 दिसंबर को सायं रेलवे स्टेशन से सायं 5 बजे प्रतिष्ठित ट्रॉफी की प्रदर्शनी रैली प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए भालेराय मैदान पहुंची। रैली को लेकर नगर में खासा उत्साह का माहौल रहा। 18 दिवसीय क्रिकेट महोत्सव के तहत 11 से 28 दिसंबर तक मुकाबले होंगे। पांचवां सीजन कुल 18 दिनों तक रोमांच से भरपूर रहेगा। लीग की शुरुआत 11 दिसंबर से हुई, जबकि फाइनल मुकाबला 28 दिसंबर को खेला जाएगा। स्थानीय क्रिकेट प्रेमियों में इस मेगा स्पोर्ट्स इवेंट को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। 8 दमदार फ्रेंचाइजी टीमें मैदान में उतर रही है। इनका नाम अशोका राइडर्स ऑनरः अशोक, दिलीप। आरएस चैलेंजर ऑनरः राजीव, सुदेश। शौर्य सुपर किंग ऑनरः जानू खुल्लर। मां प्लाई चांपा ऑनरः जगदीश शर्मा। एनवाई रॉयल ऑनरः नारायण, योगेश। अबराज गोल्ड ऑनरः नकीब खान। एसबी लेजेंडर्स ऑनरः आदित्य, मेडी। श्री सिद्धिविनायक वॉरियर्स ऑनरः अंशु, पारस एवं प्रेम। मॉर्निंग परिवार सहित मुख्य प्रायोजक डीबी वेंचर परिवार से धीरेन्द्र बाजपेयी ने लीग को सफल बनाने के लिए नगरवासियों और खेलप्रेमियों से अधिक से अधिक उपस्थिति एवं सहयोग की अपील की है।

## धर्म का पालन और माता-पिता व गुरु की सेवा करना मनुष्य का प्रमुख कर्तव्य : युगल शरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

■ ब्रज गोपिका सेवा मिशन द्वारा आयोजित दिव्य प्रवचन सुनने बड़ी संख्या में पहुंच रहे श्रोता



ब्रज गोपिका सेवा मिशन द्वारा आयोजित 21 दिवसीय दिव्य प्रवचन श्रृंखला के 12वें दिवस स्वामी युगल शरण ने अपने प्रेरक वक्तव्य में कर्म मार्ग के गूढ़ रहस्यों पर विस्तृत से प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि वास्तविक कर्म क्या है, कौन सा कर्म वंदनीय है, कौन सा निंदनीय है और मनुष्य को किस कर्म को अपनाना चाहिए तथा किन कर्मों से दूरी रखनी चाहिए। युगल शरण ने वेद वचनों का उल्लेख करते हुए कहा कि "सत्यं वद, धर्मं चर, मातृदेवो भवः, पितृदेवो भवः, आचार्यदेवो भवः" सत्य बोलना, धर्म का पालन करना और माता-पिता व गुरु की सेवा करना मनुष्य का प्रमुख कर्तव्य है। भगवान भी श्रुति-स्मृति में वर्णित धर्मों के पालन का निर्देश देते हैं, जिसे न करने वाला स्वयं भगवान का विरोधी समझा जाता है। सुबह की साधना कक्षा में हरे राम महामंत्र का महात्म्यप्रातः 7 बजे की साधना कक्षा में स्वामी युगल शरण ने हरे राम महामंत्र के महत्व को विस्तार से समझाया। मंत्र-स्मरण के दौरान साधक भाव-विह्वल हो उठे। स्वामी युगल शरण ने सारगर्भित विश्लेषण में बताया कि संसार में कई मार्ग प्रचलित हैं, और वेदवाणी की विभिन्न व्याख्याओं के कारण मनुष्य भ्रमित रहता है। उन्होंने कर्म को चार प्रकारों में विभाजित कर समझाया। मुण्डक उपनिषद का उद्धरण देते हुए उन्होंने कहा "कर्म से ब्रह्मप्राप्ति नहीं हो सकती।" भगवान मन को देखते हैं, शरीर को नहीं। स्वामी युगल शरण ने समझाया कि पाप मन में उत्पन्न होते हैं, जबकि मन को गंगा जल से स्नान नहीं कराया जा सकता। इसलिए केवल बाहरी कर्मों से पाप धुलना संभव नहीं। भगवान कहते हैं "मुझे मन चाहिए, शरीर नहीं।" संसार शरीर को देखता है, भगवान मन को। उन्होंने बताया कि कर्मयोग ही ऐसा मार्ग है जो समाज को प्रेरणा देता है। कर्मसंन्यासी का अनुकरण जनसाधारण नहीं कर सकता, इसलिए श्रीकृष्ण ने अर्जुन को कर्मयोग अपनाने का उपदेश दिया। दिव्य प्रवचन सुनने बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

छग नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन की चांपा इकाई का शपथ ग्रहण व परिचय पत्र का हुआ वितरण

# नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन समाज व पुलिस के बीच सेतु का कार्य करें : पांडेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

स्थानीय नवीन विश्रामगृह के सभागार में बुधवार 10 दिसंबर को दोपहर 1 बजे से छग नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन की नगर व जिला इकाई के पदाधिकारियों का श्पथ ग्रहण समारोह तथा परिचय पत्र का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय थे। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रुप में फाउंडेशन की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती आरती सिंह, एसडीओपी चांपा यदुमणी सिदार, नगर निरीक्षक जे.पी. गुप्ता, फाउंडेशन के पदाधिकारी अमरजीत सिंह सलूजा, दीपक गुप्ता, गोपाल मित्तल और विनोद तिवारी मंचस्थ थे।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एसपी विजय पांडेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि फाउंडेशन में निहित नागरिक शब्द जाति, धर्म और भाषा से ऊपर उठकर भारतीयता एवं एकता का प्रतीक है। सुरक्षा का अर्थ केवल व्यक्ति की शारीरिक सुरक्षा नहीं, वरन मानसिक, सामाजिक तथा नैतिक सुरक्षा भी है। उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति के मन में सकारात्मक विचार और संतुलन होगा, तभी परिवार व समाज सुरक्षित होगा। नशाबंदी और काउंसिलिंग पर विशेष जोर देते हुए एसपी पांडेय ने समाज में नशाखोरी की निरंतर बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जिले की 12 लाख की जनसंख्या के अनुपात में पुलिस बल सीमित है। हर विवाद में पुलिस की प्रत्यक्ष उपस्थिति संभव नहीं है, ऐसे में फाउंडेशन के सदस्यों को समाज और पुलिस के बीच सेतु बनकर कार्य करना होगा। उन्होंने नशा पीड़ितों की काउंसिलिंग, घरेलू व सामाजिक विवादों में समन्वयक की भूमिका निभाने तथा जररुतमंदों की सहायता करने का फाउंडेशन के सदस्यों से अनुरोध किया। उन्होंने जनहित व समाज हित में लोगों से अपने समय का सदुपयोग करने के लिए समय बैंक बनाए जाने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन महावीर सोनी तथा अंत में आभार प्रदर्शन अमरजीत सिंह खटकर ने किया। इस मौके पर अनिल सोनी, डॉ. धनेश्वरी जागृति, शिवेन्द्र प्रताप सिंह, अन्नपूर्णा सोनी, श्रीमती वीणा साहू, संगीता पांडेय, अर्चना देवांगन, विद्या राठौर, गौरव तिवारी, प्रदीप यादव सहित बड़ी संख्या में फाउंडेशन के सदस्य मौजूद थे।



सम्मान समारोह में मंचस्थ पुलिस अधीक्षक एवं अन्य अतिथिगण।

